वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 10 फरवरी 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

निर्भया के बलात्कारियों एवं हत्यारों की फांसी की सजा में हो रही देरी दुर्भाग्यपूर्ण : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय महामंत्री नेतृत्वित प्रतिनिधिमंडल कल रविवार निर्भया की मां, श्रीमती आशा देवी जी से मिला, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि निर्भया के बलात्कारियों एवं हत्यारों को शीघ्र फांसी हो।

अभाविप, निर्भया के साथ हुए जघन्यतम अपराध के खिलाफ शुरू से संघर्षरत है। जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के पास होने तक अभाविप ने संघर्ष किया तथा अभाविप बलात्कारियों को फांसी हो जाने तक संघर्षरत रहेगी। अभाविप ने मांग की है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वार इस विषय में शीघ्र गाइडलाइन जारी हो, निर्भया फंड का पूर्णतः उपयोग सुनिश्चित हो तथा तथाकथित मानवाधिकारवादी गिरोह का पर्दाफाश किया जाए।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष अक्षित दहिया ने कहा कि,"निर्भया के हत्यारों को फांसी की सजा में हो रही देरी निराशाजनक है, देश में कुछ विशेष लोगों का इतिहास रहा है कि वे लोग आतंकवादियों तक की फांसी की सजा रुकवाने में रोड़ा अटका देते हैं, वही लोग निर्भया के हत्यारों की फांसी की सजा रोकने में भी लगे हुए हैं। हम मांग करते हैं कि शीघ्र सारी कानूनी प्रक्रिया को निपटाया जाए तथा हत्यारों को फांसी दी जाए।"

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "निर्भया के साथ हुए जघन्य अपराध में जो लोग अदालत द्वारा दोषी साबित हुए हैं, मामवाधिकार के नाम पर उनको बचाए जाने के कुत्सित प्रयास चल रहे हैं, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और महिलाओं के प्रति नफरत भरी मानसिकता वाले लोगों की हमारे समाज में कोई जगह नहीं है, निर्भया फंड के उपयोग में भी जिस तरह ढिलाई बरती गई है, वह चिंतनीय है। अपराध रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है तथा निर्भया के हत्यारों की शीघ्र फांसी हो।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)